# कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, वैशाली

(शिक्षा भवन, दिग्धीकला, हाजीपुर)

**रविन्द्र कुमार,** बि0शि0से0
जिला शिक्षा पदाधिकारी,
वैशाली।

मोबाईल नं0–8544412079
हाजीपुर, वैशाली–844102

E-mail Id.-deovaishali.edn@gmail.com,deo-vaishali@bihar.gov.in

पत्रांक–2009

सेवा में,

सभी प्रधानाध्यापक/प्रभारी प्रधानाध्यापक/प्रधान शिक्षक
जिला–वैशाली।

हाजीपुर, दिनांक–02/09/26

विषयः– पुनः विद्यालय से संबंधित अद्यतन विवरणी उपलब्ध कराने के संबंध में।

प्रसंगः– कार्यालय पत्रांक 1837 दिनांक 20.08.2026

महाशय,

उपर्युक्त प्रासंगिक पत्र के आलोक में अंकित करना है कि जिला पदाधिकारी, वैशाली के पत्रांक 1538 दिनांक 18.08.2026 के द्वारा विद्यालय से संबंधित विभिन्न मूलभूत सुविधाओं एवं अन्य जानकारियों की मांग की गई है। इसके अंतर्गत नामांकन, शौचालय की अद्यतन स्थिति सड़क की अद्यतन स्थिति, बाढ़ की अद्यतन स्थिति, चहारदीवारी की अद्यतन स्थिति, पेयजल की अद्यतन स्थिति, वर्ग कक्ष की अद्यतन स्थिति, बेंच डेस्क की अद्यतन स्थिति, रोशनी एवं पंखा की अद्यतन स्थिति, बिजली की अद्यतन स्थिति, रैंप एवं व्हीलचेयर की अद्यतन स्थिति, किचन शेड तथा कक्षा संचालन से संबंधित अद्यतन विवरणी की मांग की गई है। इसी क्रम में सचिव, शिक्षा विभाग, बिहार सरकार के द्वारा दिनांक 02.09.2026 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विद्यालय से संबंधित अन्य विवरणी उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया है।

उक्त के आलोक में आप सभी को निर्देश दिया जाता है कि दिनांक 03.09.2026 के संध्या 5:00 बजे तक विद्यालय आधारभूत संरचना एवं अन्य विवरणी पूर्व में प्रविष्ट किए गए आंकड़ों के अतिरिक्त कार्यालय की वेबसाइट लिंक https://deovaishali.in/school_data.php पर जाकर अपने विद्यालय का Udise कोड डालकर सर्च करते हुए मांगी गई उपरोक्त सभी जानकारी प्रविष्ट करना सुनिश्चित करेंगे।

**इसे अति आवश्यक समझा जाए।**

विश्वासभाजन

02-9-26

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
वैशाली।

ज्ञापांकः–2009 हाजीपुर दिनांकः–02/09/26

प्रतिलिपिः–सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, जिला–वैशाली को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

02-9-26

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
वैशाली।